वर्ष 24 अंक 139
पृष्ठ 18+4=22
बरेली, बुधवार
30 जनवरी 2013
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

राममूर्ति कॉलेज में पांच दिनी विज्ञान कैंप

एसआरएमएस में विद्यार्थियों को संबोधित करते डा.डीके सक्सेना। जागरण

बरेली: श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में मंगलवार को भारत सरकार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विज्ञान कैंप इंसपायर इंटर्नशिप 2013 का समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अभिजित मित्र ने अपने वक्तव्य में प्रकृति के सात अजूबों के बारे में छात्रों को बताया। इसके साथ ही इन्होंने वैज्ञानिकों और इनके जीवन पर भी प्रकाश डाला। बरेली कॉलेज के पर्यावरण प्रबंधन विभाग के इंचार्ज डा. दिनेश कुमार सक्सेना ने पर्यावरण को संरक्षित करने व इससे संबंधित उपकरणों के बारे में छात्रों को बताया। इसके साथ, ही मृदा संरक्षण के बारे में भी छात्रों को बताया। इस मौके पर चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, रिचा मूर्ति, प्रो. सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, प्रो. जेएन साहू, सचिन अग्रवाल, डा. एमएम अब्दुल्ला, डा. केके तिवारी सहित प्रदेश के सैकड़ों कॉलेजों के विद्यार्थी मौजूद थे।

गेट की महत्ता विषय पर कार्यशाला हुई

श्री राममूर्ति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को गेट की महत्ता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतुल पांडेय ने इंजीनियरिंग तृतीय व अंतिम वर्ष के छात्रों को गेट की महत्ता और परीक्षा तैयारी की जानकारी दी। इस मौके पर प्रो. सुभाष मेहरा, नितिन अग्रवाल, डा. टीडी बिष्ट, डा. प्रभाकर गुप्ता, फरहान अली खां मौजूद रहें।